बाबा मुझको ऐसा घर दो जिसमे तुम्हारा मंदिर हो लिरिक्स

बाबा मुझको ऐसा घर दो,
जिसमे तुम्हारा मंदिर हो,
ज्योत जले दिन रैन तुम्हारी,
तुम मंदिर के अन्दर हो।**lbd।**

इक कमरा हो जिसमे तुम्हारा,
आसन बाबा सजा रहे,
हर पल हर छिन भक्तो का जहाँ,
आना जान लगा रहे,
छोटे बड़े का उस घर में,
एक समान ही आदर हो,
ज्योत जले दिन रैन तुम्हारी,
तुम मंदिर के अन्दर हो।**lbd।**

इस दर से कोई भी सवाली,
खाली कभी भी जाए ना,
चैन ना पाऊं तब तक बाबा,
जब तक चैन वो पाए ना,
मुझको दो वरदान दया का,
तुम तो दया के सागर हो,
ज्योत जले दिन रैन तुम्हारी,
तुम मंदिर के अन्दर हो।**lbd।**

हर प्राणी उस घर का बाबा,
तेरी महिमा गाता रहे,
तू रखे जिस हाल में बाबा,
हर पल शुक्र मनाता रहे,
कभी ना हिम्मत हारे वो तो,
चाहे समय भयंकर हो,
ज्योत जले दिन रैन तुम्हारी,
तुम मंदिर के अन्दर हो।**lbd।**

बाबा मुझको ऐसा घर दो,
जिसमे तुम्हारा मंदिर हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ज्योत जले दिन रैन तुम्हारी,
तुम मंदिर के अन्दर हो।bd।

Singer – Upasana Mehta

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com